# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक M/S R. S. Construction, (Reg. No. 1210179) Add At- Swami Sahjanand Colony, Thana- Sadar, Bhagwanpur, Muzaffarpur, Bihar, Pincode: 842001 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10274 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 08.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

---

14/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता / संवेदक M/S R. S. Construction, Add At- Swami Sahjanand Colony, Thana- Sadar, Bhagwanpur, Muzaffarpur, Bihar, Pincode: 842001 उपस्थित एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड अनुपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड के अधीन MGSY योजनान्तर्गत Package No.- MGSY/ 24-25/Belsand/02 (Tender Id-140632) की निविदा में संवेदक M/S R. S. Construction, (Reg. No. 1210179) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली / फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10274 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 08.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निर्गम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, कटिहार के पत्रांक 1396 दिनांक 17.03.2025 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, कटिहार द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके प्रमंडल से निर्गत नहीं किया गया है।
3. तद्आलोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10274 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 08.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि निविदा की सारी प्रक्रिया साईबर कैफे द्वारा की जाती है। साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में इनके विरूद्ध गलत अनुभव प्रमाण–पत्र से संबंधित कागजात अपलोड कर दिया गया। जिसपर इनके द्वारा Self Attested भी नहीं किया गया है बाकी सभी कागजातो पर Self Attested किया गया है।

संवेदक द्वारा सुनवाई के क्रम में बताया गया कि उक्त निविदा में जो गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड किया गया, जो साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर अपलोड किया गया है। जिसपर इनके द्वारा Self Attested नहीं किया गया है। साथ ही यह भी बताया गया कि संदर्भित निविदा से संबंधित सभी कागजात/अनुभव प्रमाण–पत्र Self Attested कर निविदा में समर्पित की गयी। जिसकी मिलान निविदा से संबंधित संचिका से की गयी, जो सही पाया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त M/S R. S. Construction, (Reg. No. 1210179) से प्राप्त अपील अभ्यावेदन में वर्णित तथ्यों पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10274 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

19/11/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–224/2025 11763 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–224/2025 11763 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–224/2025 11763 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

निबंधत

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—224 / 2025 11763 / पटना, दिनांक 20.11.25

प्रतिलिपिः— संवेदक M/S R. S. Construction, (Reg. No. 1210179) Add At- Swami Sahjanand Colony, Thana- Sadar, Bhagwanpur, Muzaffarpur, Bihar, Pincode: 842001 को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक—14 / अ0प्र0—14—224 / 2025 11763 / पटना, दिनांक— 20.11.25

प्रतिलिपि— आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव